सुविचार एक मात्र अच्छाई ज्ञान है ओर एक मात्र बुराई अज्ञान है। डीजिटल संस्करण https://sbpatra.in पर उपलब्ध

सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

सम्पादक-मधुसूदन शर्मा
सह सम्पादक-बृजेश कुमार शर्मा

वर्ष - २ अंक - ४७ सोमवार – १९/०५/२०२५ पृष्ठ – ४ प्रति सोमवार डीजिटल संस्करण

## सम्पादकीय

### भाजपा नेता का शर्मनाक बयान

मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह की कर्नल सोफिया कुरैशी पर की गई टिप्पणी ने विवाद खड़ा कर दिया है, जिसे सेना के त्याग और बलिदान का अपमान माना जा रहा है। इस मामले में हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणियों ने इसे और गंभीर बना दिया है। मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह की टिप्पणी केवल कर्नल सोफिया कुरैशी ही नही, पूरी भारतीय सेना के त्याग और बलिदान का अपमान है। उन्होंने उस सेना को सांप्रदायिक रंग देने का प्रयास किया, जो किसी जाति, धर्म से परे होकर देश की रक्षा में लगी हुई है। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणियां बताती हैं कि यह मामला केवल श्जुबान फिसलनेश या श्भावनाओं में बहनेश का नहीं है। माफी काफी नहींरू मंत्री ने एक सार्वजनिक कार्यक्रम में कर्नल कुरैशी पर टिप्पणी की थी। उन्होंने नाम तो नही लिया, लेकिन इशारा समझने के लिए काफी था। संवैधानिक पद पर बैठे शख्स की ऐसी सोच हैरान करने वाली है। अब वह माफी मांग रहे हैं, लेकिन सवाल उनसे होना चाहिए कि यह नौबत ही क्यों आई और किस मानसिकता के तहत उन्होंने ऐसी टिप्पणी की।

पहलगाम हमले के पीछे आतंकवादियों का मकसद देश में सांप्रदायिक तनाव फैलाना था। पूरे भारत ने एकजुटता दिखाकर आतंकी मंसूबों को नाकाम कर दिया। लेकिन, मंत्री के शब्द एकता और अखंडता पर चोट पहुंचाते हैं। हाई कोर्ट ने इस खतरे को समझा और कहा कि उनकी टिप्पणी अलगाववादी भावनाओं को बढ़ावा देती है। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने नसीहत दी कि जब देश ऐसी स्थिति से गुजर रहा हो तो एक मंत्री की ओर से बोला गया हर शब्द जिम्मेदारी की भावना के साथ होना चाहिए। संस्थाओं पर हमलारू अफसोस, राजनेताओं में इस भावना का अभाव कई बार दिख जाता है। वोट बटोरने के चक्कर में वे ऐसी बातें कह जाते हैं, जो मर्यादा के दायरे से बाहर होती हैं। गैर-जिम्मेदारी में वे कभी सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ कुछ कह रहे होते हैं, तो कभी सेना के खिलाफ। ये हरकतें मजबूत संस्थाओं को कमजोर करने वाली हैं।

## अमित शाह ने कहा पीएम मोदी ने हर हमले का करारा जवाब दिया , हमारी सैना ने पाकिस्तान के अंदर सौ किलोमीटर तक घुसकर सौ से ज्यादा आंतकी मारे ।

**केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गाँधी नगर में एक सभा को सम्बोधीत करते हुए ऑपरेशन सिंदुर की जानकारी दी।**



*केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शनिवार से दो दिन के गुजरात दौरे पर हैं। शनिवार को वे गांधीनगर पहुंचे, जहां विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। इस मौके पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा– मोदीजी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से तीन हमले हुए हैं और मोदीजी ने तीनों ही आतंकी हमलों का मुंहतोड़ जवाब दिया है। उरी को सर्जिकल स्ट्राइकसे, पुलवामा को एयर स्ट्राइक से और अब श्ऑपरेशन सिंदूरश से पाकिस्तानी मुख्यालय को मिटा दिया गया है। 100 किमी अंदर घुसकर 100 सेज्यादा आतंकी मारे हमारी सेना ने आतंकियों के 9 ठिकानों को तबाह किए। इसके अलावा 100 से ज्यादा आतंकियों को मारा। पाकिस्तान ने कच्छ से कश्मीर तकहमले का दुस्साहस किया, लेकिन हमारी सेना ने हर हमले को विफलकिया। हमारी आर्मी ने पाक एयरबेस को भी तबाह कर दिया। हमारी सेना ने पहलगाम हमले के जवाब में जैश–ए–मोहम्मद और लश्कर–ए–तैयबा के मुख्यालयों को उड़ाकर बदला लिया। बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। साथ ही नरेन्द्रभाई ने देश को सुरक्षित करने का भी काम किया है।आतंकवादी पाकिस्तान से आते थे और हमारे सैनिकों और लोगों को मारकर भाग जाते थे। वे बम विस्फोट करते थे, षड्यंत्र रचते थे, लेकिन भारत की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी जाती थीनरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण करने के बाद से देश में तीन बड़े हमले हो चुके हैं। पहला हमला उरी में हुआ, दूसरा हमला पुलवामा में हुआ और तीसरा हमला हाल ही में पहलगाम में पाकिस्तान प्रेरित आतंकवादियों द्वारा किया गया।*

## 11 दिन में 7 जासूस को हरियाणा-पंजाब से पकडा इनमें छः का पाकिस्तान एंबेसी से संपर्क था।

*भारत की पाकिस्तान पर ऑपरेशन सिंदूर एयर स्ट्राइक के बाद हरियाणा और पंजाब से 11 दिन में 7 पाकिस्तानी जासूस पकड़े जा चुके हैं। पहले 8 मई को मालेरकोटला में 2 जासूस पकड़े गए। 13 मई को पानीपत से नोमान इलाही गिरफ्तारहुआ। इसके बाद पुलिस ने हिसार, नूंह, कैथल और जालंधर से जासूस गिरफ्तार किए। इन सभी की गिरफ्तारी के बाद कुछ कॉमन चीजें सामने आई हैं। जिसमें जासूसी के 6 आरोपियों का वीजा को लेकर नई दिल्ली में पाकिस्तानी एंबेसी से संपर्क हुआ। हिसार की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा के तो पाकिस्तानी एंबेसी अधिकारी दानिश से लिंक तक मिले। इन सभी ने पाकिस्तान की यात्रा भी की। खास बात ये भी है कि ये सभी 20 से 35 साल की उम्र के यानी युवा हैं। इस उम्र में पैसे और हनीट्रैप के लालच से फंसाना आसान है। वहीं सभी मिडिल क्लास फैमिलीज से हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद से ही पाकिस्तान से जुड़े लोगों पर नजर थी। इनकी कॉल और चौटिंग को इंटरसेप्ट किया गया तो इनके पाकिस्तानी जासूस होने का पता चला। जिसके बाद इन्हें अरेस्ट कर लिया गया। इन्होंने जासूसी कैसे की, कौन सी खुफिया सूचना पाकिस्तान को दी, बदले में क्या मिला, पुलिस और इंटेलिजेंस सोर्सेज से पूरी जानकारी खंगाली।*

## हैदराबाद में चारमीनार बिल्डिंग में आग सत्राह की मौत , आठ बच्चे ओर दस जख्मी

***शॉर्ट सर्किट से दुर्घटना की आशंका , १५ की बचाई गई जान***



*फायर विभाग को सुबह 6 :16 बजे सूचना मिली, जिसके बाद टीम मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया।*

*हैदराबाद में चारमीनार के पास गुलजार हाउस में रविवार सुबह एक इमारत में आग लग गई। हादसे में अब तक 17 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें 8 बच्चे भी शामिल हैं। घटना के समय इमारत में 30 से ज्यादा लोग मौजूद थे।*

*इनमें से 15 से ज्यादा लोगों को रेस्क्यू किया गया। फायर ब्रिगेड की 11 गाड़ियां मौके पर पहुंची थीं। आग बुझाने के लिएदमकलकर्मियों को 2 घंटे मशक्कत करनी पड़ी। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है, लेकिन अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। वहीं, हादसे में संपत्ति के नुकसान का अंदाजा भी नहीं लगाया जा सका है। फायर डिपार्टमेंट का कहना है कि सुबह 6रू16 बजे आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद टीम मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। कई लोग बेहोशी की हालत में मिले और करीब 10 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस के मुताबिक, बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर पर ज्वेलरी की दुकानें थीं और ऊपर के फ्लोर पर लोग रहते थे। आग दुकानों में लगी और ऊपर तक फैल गई। बिल्डिंग में सिर्फ एक संकरी सीढ़ी थी, जिससे लोग बाहर नहीं निकल सके और दम घुटने से मौत हो गई।*

## तिरंगा यात्रा में शामिल अमित शाह , शहर वासियों को देंगे 1692 करोड रूपए की कई परियोजनाएँ

***अहमदाबाद में तिरंगा यात्रा में शामिल हुए अमित शाह।***



*साइंस सिटी में हो रहे गुजरात स्टेट सहकारी संघ कार्यक्रम में सीएम भूपेंद्र पटेल के साथ गृहमंत्री अमित शाह। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शनिवार से दो दिन के गुजरात दौरे पर हैं। अपने दौरे के दूसरे दिन रविवार को वे अहमदाबाद की साइंस सिटी में हो रहे गुजरात स्टेट सहकारी संघ कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां उन्होने सहकारी समितियों को अध्यक्षों और किसानों से बातचीत की। इसके बाद अहमदाबाद से निकल रही तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। कहा– सहकारी यूनिवर्सिटी के बारे में भी सोच रही सरकार केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सहकारी संघ कार्यक्रम में कहा– वर्ष 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। इसकी शुरुआत भारत से हुई है। दिल्ली में भी एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जहां प्रधानमंत्री ने सहयोग से समृद्धि का नारा दिया। आज गुजरात में एक सहकारी सम्मेलन आयोजित किया गया है। हमें सहयोग में परिवर्तन को नीचे तक ले जाना होगा। सहकारी समितियों के विकास के लिए केंद्र सरकार सहकारी यूनिवर्सिटी खोलने पर भी विचार कर रही है।*

## मैक्सिकन नेवी शिप न्युयॉर्क में कलिन ब्रिज से टकराया

**19 लोग घायल दो की मौत , जहाज पर 250 लोग थे सवार**



*अमेरिका के न्यूयॉर्क में मेक्सिकन नेवी का ट्रेनिंग जहाज कुआउतेमोक ईस्ट रिवर पर बने ब्रुकलिन ब्रिज से टकरा गया। न्यूयॉर्क पुलिस डिपार्टमेंट के मुताबिक, यह घटना शनिवार शाम को 8रू30 बजे हुई। हादसे का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है, जिसमें जहाज का ऊपरी हिस्सा ब्रिज से टकराता नजर आ रहा है। न्यूयॉर्क के मेयर ने बताया कि जहाज के टकराने से 19 लोग घायल हो गए और 2 की मौत हो गई। जबकि 2 की हालत गंभीर बनी हुई है।*

*मीडिया के अनुसार, कुआउतेमोक पर 277 क्रू मेंबर थे। यह जहाज न्यूयॉर्क में एक फ्रेंडली टूर पर आया था। न्यूयॉर्क की इमरजेंसी क्राइसिस मैनेजमेंट एजेंसी ने कहा कि वे इस घटना की जांच कर रहे हैं।*

*ब्रिज के डेक की ऊंचाई 127 फीट है, जबकि जहाज के टावर (मस्तूल) की ऊंचाई 158 फीट है। जहाज और ब्रिज के डेक की ऊंचाई में करीब 31 फीट का अंतर था, यही हादसे की वजह बना।*

*अधिकारियों ने बताया कि यह जहाज न्यूयॉर्क पियर 17 से आइसलैंड की तरफ जा रहा था।*

## गुजरात में तैरह वर्षीय लडकी ने दिया बच्ची को जन्म ।

*राजकोट में रविवार को दुष्कर्म पीड़ित 13 वर्षीय मासूम ने एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया। खेलने–कूदने की उम्र में मां बनी इस बच्ची के साथ उसके ही चचेरे भाई और उसके दोस्त ने दुष्कर्म किया था। बच्ची को 33 हफ्ते का गर्भ था और 12 मई को गुजरात हाईकोर्ट ने अबॉर्शन की अनुमति दी थी। कोर्ट ने चीफ मेडिकल ऑफिसर की देखरेख में नाबालिग का गर्भपात कराने का निर्देश दिया था। यह देश का पहला मामला है, जब कोर्ट ने गर्भावस्था के सबसे ज्यादा हफ्ते के गर्भपात की अनुमति दी थी। इससे पहले 2017 में सुप्रीम कोर्ट ने 32 सप्ताह के भ्रूण के गर्भपात की अनुमति दी थी।*



डिजीटल संस्करण
https://sbpatra.in
पर उपलब्ध



सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र


स्वतंत्र बौद्धिक पत्र (समाचार पत्र)

https//:sbpatra.in

पर डिजिटल संस्करण उपलब्ध

YouTube

SWATANTRA BODDHIK PATRA

खबरों के लिए लोगिंन करे !

https://sbpatra.in/




| (1) | (2) | (3) | (4) |
|---|---|---|---|
| गुगल सर्च करे - https://sbpatra.in/ | होम पेज पर केटेगिरी मे जाए | ई-पेपर केटेगिरी चुने | समाचार पत्र आपके सामने क्लिक करे ! |

# नि:शुल्क ई-पेपर प्रति सोमवार को वेब पोर्टल https://sbpatra.in/ से डाउनलोड कर सकते है।



## प

चीनी राजदुत ने दोने देशो से संयम बरतने और आपसी मतभेद को बातचीत से सुलजाने की अपील की

## सीअ

जवान की पत्नी पंजाब के अटार बॉर्डर से वापस लोटी जम्मु

## हुती

अमेरिका रक्षा मंत्री ने कहा ईरान अच्छी तरह जानता है की अमेरिकी सैना क्या करती है

सत्य का ब्रह्मास्त्र स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

## बांग्लादेश

पहलगॉम हमले के बाद आईएसआई खुफिया एजेंसी बांग्लादेश में सक्रिय हो रही है ।

## आस्ट्रेलिया

आस्ट्रेलिया में 28 मार्च को संसद भंग कर दि थी।

2.2 अरब डॉलरी की मदद पहले ही रोकी जा चुकी है ।

## पाक

पाक रक्षा मंत्री आसिफ भी कह चुके की पिछ्ले तीस साल से आतंक वाद का समर्थन कर रहा पाक

खबरों के लिए लोगिंग करे

https://sbpatra.in/

स्वत्वाधिकार सम्पादक प्रकाशक मधुसूदन शर्मा / डिजिटल संस्करण प्रति सोमवार स्वतंत्र बौद्धिक पत्र समाचार पत्र की आधिकारीक बेवसाइट https://sbpatra.in/ पर उपलब्ध है। अन्य वेब या डिजिटल माध्यमों पर इसे प्रकाशित या इस नाम से , अन्य सामग्री जैसे समाचार पत्र प्रकाशन या इस नाम से कोइ वेब डोमेन खरीदना , दण्डनीय अपराध होगा ,ऐसा करने पर वैधानिक कार्यवाही की जा सकती है । - सम्पादक मधुसूदन शर्मा